छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
Email ID:-gad-secy@cg.gov.in,Phone No. 0771-2510160

क्र. **GENCOR/28/2024-GAD-13** नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06-04-2026

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

**विषय-:शासकीय पत्र व्यवहार में पृष्ठांकित प्रति (Endorsement) पर हस्ताक्षर के संबंध में निर्देश ।**

**--00--**

राज्य शासन के विभागों एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों द्वारा जारी किए जाने वाले कार्यालयीन ज्ञापन/ परिपत्र/पत्र/आदेश आदि के पृष्ठांकित प्रति में भी सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की प्रथा प्रचलित है। वर्तमान में राज्य के कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से समस्त शासकीय कार्य संपादित किए जा रहे है, जिसमें तकनीकी कारणों से एक ही अधिकारी द्वारा दो स्थानों पर हस्ताक्षर किया जाना संभव नहीं है। प्रचलित शासकीय प्रक्रिया एवं अभिलेखीय परंपरा के अनुसार पृष्ठांकित प्रति केवल सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है। साथ ही डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेजों में किया गया हस्ताक्षर संपूर्ण दस्तावेज को प्रमाणित करता है। अत: पृष्ठांकित प्रति पर पृथक हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2/ अतएव, शासन द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि शासकीय पत्रों के मूल भाग पर ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत डिजिटल/भौतिक हस्ताक्षर किया जाना पर्याप्त एवं मान्य होगा। शासकीय पत्रों के पृष्ठांकित प्रति **(Endorsement)** में **बिना हस्ताक्षर के** आवश्यकतानुसार संबंधित व्यक्ति/पदनाम/कार्यालयों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

3/ अत: उपरोक्त निर्देशानुसार भविष्य में सभी कार्यालयीन ज्ञापन/आदेश/परिपत्र/पत्र जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

Digitally signed by
AVINASH CHAMPAWAT
Date: 06-04-2026
12:17:08

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

....2/

**पृ. क्र. GENCOR/28/2024-GAD-13** नवा रायपुर,अटल नगर दि. **06-04-2026**

**प्रतिलिपि:-**

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, छ0ग0 शासन, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर।
2. माननीय राज्यपाल के सचिव, लोक भवन, रायपुर, छत्तीसगढ़ ।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, नवा रायपुर, अटल नगर ।
4. रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर।
5. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर।
6. विशेष सहायक, मान. उप मुख्यमंत्री/मंत्रीगण (समस्त), छत्तीसगढ, नवा रायपुर, अटल नगर
7. सचिव, समस्त निगम/मंडल/आयोग/प्राधिकरण छत्तीसगढ़।
8. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
9. अवर सचिव, छ. ग. शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर।
10. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC) मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट http://www.gad.cg.gov.in पर तत्काल अपलोड करने हेतु ।

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।